Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)
प्रेस नोट

- जिला बारां में यातायात प्रभारी चन्द्रप्रकाश, उप निरीक्षक पुलिस 7,000/– रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, दिनांक 31 मई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी बारां द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **चन्द्रप्रकाश उप निरीक्षक हाल यातायात प्रभारी बारां** को परिवादी से उसके ट्रेक्टर से मिटटी–रेत लाने ले जाने का निर्बाध संचालन करने की एवज में **7,000/– रूपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ए.सी.बी. चौकी बारां को दिनांक 25.05.2026 को एक शिकायत परिवादी ने प्रस्तुत कर अवगत कराया कि आरोपी द्वारा मेरे ट्रैक्टर ट्रोली को पकडकर 27 हजार रूपये प्राप्त किये तथा ट्रेक्टर को बेरोकटोक चलाने की एवज में 10 हजार रूपये मासिक बंदी की मांग की, दिनांक 26.05.2026 को रिश्वत मांग का सत्यापन कराया गया तो आरोपी चन्द्रप्रकाश उप निरीक्षक हाल यातायात प्रभारी बारां ने 7,000/– हजार रूपये की मांग करना पाया गया।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस (अतिरिक्त चार्ज एसीबी कोटा रेंज कोटा) श्री ओमप्रकाश मीणा** के सुपरवीजन में **श्री कालू राम वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक** भ्र.नि.ब्यूरो बारां के नेतृत्व में **श्री प्रेमचन्द उप अधीक्षक पुलिस** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी चन्द्रप्रकाष उप निरीक्षक हाल यातायात प्रभारी बारां को परिवादी से 7,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी बारां द्वारा उक्त मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।